हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, ज्ञान पथ, समरहिल, शिमला-5

# सूचना

दिनांक : 25.11.2023

## बी.एड्. में स्पॉट एडमिशन लेने का अवसर

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने बी.एड़ सत्र 2023-24 के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग में बची हुई सीटों के लिए छात्रों को जिन्होंने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया है को मेरिट आधार पर प्रवेश लेने का मौका दिया है। बी.एड्. की खाली पड़ी सीटों के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश लेने का मौका दिया जा रहा है। लगभग 400 सीटों के लिए 29 व 30 नवम्बर, 2023 को ऑफलाईन काउंसलिंग विश्वविद्यालय के सभागार में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर आयोजित की जाएगी। 27 नवम्बर, 2023 को पुर्वाह्न के समय विश्वविद्यालय वैबसाईट द्वारा छात्रों को पूरी जानकारी प्राप्त होगी और महाविद्यालय स्तर पर कितनी सीटें मेरिट आधार पर भरी जाएंगी यह भी जानकारी विश्वविद्यालनय वैबसाईट पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों को दिनांक 27 व 28 नवम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय पोर्टल पर जाकर 200 रुपये फीस के साथ काउंसलिंग फार्म भरना होगा। विद्यार्थियों को सम्बन्धित सभी मूल प्रमाण पत्र लेकर विश्वविद्यालय सभागार में 29 व 30 नवम्बर को ऑफलाईन काउंसलिंग जोकि मेरिट के आधार पर भरी जाएंगी में भाग लेना होगा। जिन विद्यार्थियों का प्रवेश हो जाएगा उन्हें 5880 रुपये उसी समय विश्वविद्यालय में जमा करवाने होंगे और बाकी राशि जिस महाविद्यालय में उनका दाखिला होगा उस महाविद्यालय में 25000 रुपये दिनांक 2 दिसम्बर, 2023 तक जमा करवाने होंगे। इस काउंसलिंग में सिर्फ वही विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जिन्होंने बी.एड़ प्रवेश परीक्षा दी होगी और जिनका प्रवेश अभी तक कहीं भी नहीं हुआ होगा।

अध्यक्ष
बी.एड़ काउंसलिंग

Scanned with OKEN Scanner